>**Title:** Need to set up a power grid station at Baniyapur, Bihar-Laid.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार): झारखण्ड राज्य के अस्तत्व में आ जाने के बाद शो बिहार में विद्युत आपूर्ति की बेहतर व्यवस्था पर किसानों का भविय निर्भर है जहां औद्योगिक शून्यता की स्थिति में समुचित विद्युत आपूर्ति होने पर कम से कम कृिा कार्य प्रभावित न हों। इस संबंध में ऊर्जा मंत्री जी के पत्र द्वारा मुझे अ वगत कराया गया कि बनियापुर में एक 33 के.वी. उपकेन्द्र की स्थापना वर्ा 1999 में पूर्वी क्षेत्र में विद्युत का बेहतर समुपयोजन करने हेतु, बिहार में भारघटक में सुधार करने हेतु योजना में शामिल किया गया परंतु बी.एस.ई.बी. ने अभी तक इन स्कीमों के संबंध में पावर ग्रिड को पारोण प्रभारों का भुगतान किये जाने पर अपनी सहमति नहीं दी है इसलिये बनियापुर में पावर ग्रिड उपकेन्द्र के निर्माण को सुनिश्चित नहीं किया जा सकता।

बिहार में विद्युत आपूर्ति के संबंध में ऊर्जा मंत्री जी ने एक बैठक भी बुलाई थी, जिसमें इस वािय पर काफी चर्चा हुई तथा स्वयं मंत्री जी ने महसूस किया था कि बिहार में विद्युत आपूर्ति की स्थिति गंभीर है। इसके बावजूद तकनीकी अड़चनें कठिनाई पैदा कर रही हैं।

मेरी सरकार से मांग है कि इन तकनीकी अड़चनों को दूर कर अविलम्ब बनियापुर में पावर ग्रिड स्टेशन की स्थापना की जाए।